Roll No. ..................................... Total Pages: 04

# 5108

## M.A. (FINAL) EXAMINATION, 2019
## ECONOMICS
## Paper - III
## INTERNATIONAL TRADE AND FINANCE

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

***PART – A (खण्ड – अ)*** *[Marks: 20]*

*Answer all questions (50 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – B (खण्ड – ब)*** *[Marks: 50]*

*Answer five questions (250 words each).*

*Selecting one from each unit. All questions carry equal marks.*

*प्रत्येक इकाई से* ***एक–एक*** *प्रश्न चुनते हुए, कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – C (खण्ड – स)*** *[Marks: 30]*

*Answer any two questions (300 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*कोई* ***दो प्रश्न*** *कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

## PART – A / खण्ड – अ

Q.1 (i) What is Factor Price equalization? [2]
साधन कीमत समानीकरण क्या है?

(ii) What is Leontief Paradox? [2]
लियोनटीफ विरोधाभास क्या है?

(iii) What is optimum rate of tariff? [2]
प्रशुल्क की अनुकूलतम दर क्या है?

(iv) How are real cost terms of trade derived from single factorial terms of trade? [2]
व्यापार की एकल घटकीय शर्तों से व्यापार की वास्तविक लागत शर्तों की व्युत्पत्ति कैसे की जाती है?

(v) What is flexible exchange rate? [2]
लोचदार विनिमय दर क्या होती है?

(vi) What are the types of disequilibrium in the balance of payments? [2]
भुगतान सन्तुलन में असाम्य के प्रकार क्या हैं?

(vii) Write the structure of World Trade Organisation. [2]
विश्व व्यापार सगंठन की संरचना लिखिए।

(viii) What is Special Drawing Rights? [2]
विशेष आहरण अधिकार क्या है?

(ix) What do you mean by composition of trade? [2]
व्यापार की संरचना से आपका क्या तात्पर्य है?

(x) Write the meaning of International Debt. [2]
अन्तर्राष्ट्रीय ऋण का अर्थ लिखिए।

## PART – B / खण्ड – ब

### UNIT –I / इकाई – I

Q.2 Discuss the Stolper – Samuelson theorem of international trade. [10]
अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध स्टोलपर – सैमुएलसन प्रमेय का वर्णन कीजिये।

**OR/अथवा**

Q.3 Distinguish between the classical theory and the Heckscher Ohlin theory of international trade. [10]
अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रतिष्ठित सिद्धान्त तथा हेक्सचर– ओहलिन सिद्धान्त में अन्तर कीजिये।

## UNIT –II / इकाई – II

Q.4 Explain the factors that influence the determination of terms of trade. [10]

उन घटकों को स्पष्ट कीजिये जो व्यापार की शर्तों के निर्धारण को प्रभावित करते हैं।

**OR / अथवा**

Q.5 What do you mean by economic growth? Explain the effects of growth on production, consumption and terms of trade. [2+8=10]

आर्थिक वृद्धि से आप क्या समझते हैं? आर्थिक वृद्धि के उत्पादन, उपयोग व व्यापार की शर्तों पर प्रभावों को स्पष्ट कीजिये।

## UNIT –III / इकाई – III

Q.6 What is Fixed Exchange Rate? Explain its merits and demerits. [2+4+4=10]

स्थिर विनिमय दर क्या है? इसके गुण व दोषों का वर्णन कीजिये।

**OR / अथवा**

Q.7 Discuss the effects of devaluation of a country's balance of payments in the context of Marshall – Lerner condition. [10]

मार्शल – लर्नर शर्त के सन्दर्भ में किसी देश के भुगतान संतुलन पर अवमूल्यन के प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

## UNIT –IV / इकाई – IV

Q.8 Explain the functions and objectives of IMF. What contribution has it made for the economic development of India? [2+2+6=10]

आई.एम.एफ. (IMF) के कार्यों एवं उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। भारत के आर्थिक विकास में इसका क्या योगदान है?

**OR / अथवा**

Q.9 Explain the functions and objectives of World Trade Organization. [6+4=10]

विश्व व्यापार संगठन के कार्यों व उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

## UNIT –V / इकाई – V

Q.10 Discuss the main features of recent EXIM policy of India. [10]

भारत की वर्तमान एक्सिम (EXIM) नीति की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

**OR / अथवा**

Q.11 Explain the impact of trade reforms since 1991 on balance of payments of India. [10]

1991 के पश्चात् हुए व्यापार सुधारों से भारत के भुगतान सन्तुलन पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

## PART – C / खण्ड – स

Q.12 Critically examine the Rybczynski theorem of international trade. [15]

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की रिब्जिंस्की प्रमेय (Rybczynski theorem) की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

Q.13 Analyse the difference and similarity between an import quota and a tariff. In what sense are they equivalent? [6+6+3=15]

आयात नियतांश तथा प्रशुल्क मे समानताओं व विभिन्नताओं का विश्लेषण कीजिये। ये दोनों किस आशय से एक समान है?

Q.14 Show how it is possible to dynamize the theory of balance of payment by means of foreign trade multiplier. [15]

यह बताइये कि विदेशी व्यापार गुणक के माध्यम से किस प्रकार भुगतान सन्तुलन सिद्धान्त को गत्यात्मकता प्रदान की जा सकती है?

Q.15 Explain using diagram the trade creation and trade diversion effect of a custom union and show that the net welfare effect of a custom union is the difference between its trade creating and trade diverting effects. [5+5+5=15]

रेखाचित्र के प्रयोग सहित चुंगी संघ के व्यापार सृजन प्रभाव एवं व्यापार परावर्तन प्रभाव को समझाइये तथा यह प्रदर्शित कीजिये कि चुंगी संघ का शुद्ध कल्याणकारी प्रभाव इसके व्यापार सृजन तथा व्यापार परावर्तन प्रभावों के अन्तर के बराबर होता है।

Q.16 Describe in detail the problem of international debt of India. [15]

भारत की अंतर्राष्ट्रीय ऋण देनदारी की समस्या का विस्तार से वर्णन कीजिये।

----------------------------------------